Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Mann Sardar Zora Singh

>

Title : Need to construct roads under PMGSY in Ferozpur Parliamentary Constituency, Punjab.

श्री जोरा सिंह मान (फिरोज़पुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने निर्वाचन क्षेत्र फिरोजपुर-पंजाब में ग्राणीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के संबंध में कुछ तथ्यों को सदन के सामने रखना चाहता हूं।

श्रीमान्, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना एक बहुत अच्छी योजना है जो कि भू.पू. प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने र्वा 2000 में शुरू की थी। इसके अन्तर्गत पहले 1000 से अधिक आबादी वाली जगहों पर सड़कें बनाई गईं और फिर 500 से अधिक आबादी वाली जगहों पर सड़कें बनाई गईं और अब 250 से अधिक आबादी वाली जगहों की सड़कों की सूची ली गई है, परन्तु अध्यक्ष महोदय, मेरा क्षेत्र फिरोजपुर हिन्द-पाक सीमा और सतलुज दरिया के साथ-साथ होने के कारण बहुत पिछड़ा हुआ है। यहां पर बहुत सारी ऐसी सड़कें अभी भी बनने से रह गई हैं जिनकी आबादी 1000 से भी अधिक है और इस आबादी को कोई पक्का रास्ता भी नहीं है। पता नहीं संबंधित विभाग ने ये क्यों छोड़ दी हैं, जबकि यहां सड़कें बनना बहुत जरूरी है। इन सड़कों के लिए, जो पास हो चुकी हैं, इनके लिए फंड केन्द्र सरकार जल्दी से जल्दी जमा कराए। कुछ सड़कों को चौड़ी करने के प्रपोजल भी उपायुक्त, फिरोजपुर की तरफ से भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजे गए हैं। उनके लिए भी फंड जल्दी से जल्दी जारी किए जाएं।

इन सड़कों के प्रस्ताव बनाने के लिए प्रशासन द्वारा आबादी 1991 की जनगणना के अनुसार ली गई है। अब 15 साल बाद यह आबादी तीन गुना बढ़ गई है। इसलिए इन प्रस्तावों को मौजूदा आबादी के हिसाब से बनाया जाए।

-- *Translation of the speech originally delivered in Punjabi.

MR. SPEAKER: Shri Sunil Kumar Mahato – not present.

It may be treated as laid on the Table.